पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में अंर्तमहाविद्यालयीन खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का समापन

आज दिनांक 03.02.2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में 05 दिवसीय अंर्तमहाविद्यालय खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के पंचम दिवस में विभिन्न खेल–कूदों के आयोजन के साथ समापन किया गया। आज महाविद्यालय में विभिन्न खेलों के फाइनल मेचों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत भाला फेंक एवं गोला फेंक पुरूष वर्ग में जबलपुर महाविद्यालय, एवं महिला वर्ग में रीवा महाविद्यालय, तथा शतरंज महिला वर्ग में जबलपुर एवं महू महाविद्यालय, 100 मी. दौड़ पुरूष वर्ग एवं महिला वर्ग में रीवा महाविद्यालय ने जीत दर्ज की।

खेलों के उपरांत पुरूस्कार एवं पदक वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के मुख्य आतिथ्य, डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर की अध्यक्षता एवं डॉ. एस.एस. भदौरिया की उपस्थिति में संपन्न किया गया। कार्यक्रम की श्रृखंला में समस्त अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि खेल–कूद का यह कार्यक्रम 19 विधाओं में आयोजित किया गया, जिसमें 17 विधाओं में छात्र एवं छात्राओं दोनों की तथा दो विधाओं कबड्‌डी एवं बालीबॉल में केवल छात्रों की भागीदारी रही। साथ ही अंर्तमहाविद्यालयीन खेल–कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की।

कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता संकाय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि अभ्यास मानव को परिपूर्ण बनाता है, तथा जीवन में प्रतिर्स्पधा से आगे बढ़ने की चाह जागृत होती है।

कार्यक्रम की इसी कड़ी में मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष द्वारा खेल–कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजताओं को प्रशस्ति पत्र, पदक, एवं ट्राफी से सम्मानित किया गया।खेलकूद में जबलपुर महाविद्यालय ने 20 स्वर्ण पदक, 10 रजत पदक एवं 04 ताम्र पदक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं रीवा महाविद्यालय ने 10 स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक एवं 07 ताम्र पदक के साथ द्वितीय

स्थान प्राप्त किया तथा महू महाविद्यालय ने 06 स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक एवं 17 ताम्र पदक के साथ

तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक एवं साहित्यक गतिविधियों के अंतर्गत जबलपुर महाविद्यालय, महू महाविद्यालय एवं रीवा महाविद्यालय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. जायशी जोगी एवं धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. आदित्य मिश्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा दिया गया।

इस कार्यक्रम में खेल–कूद दलों के दल प्रबंधक, डॉ. राजीव रंजन, सुनील नागरिया, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. तैयबअली शेख, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. अजय राय,एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यक कार्यक्रमों के समन्वयक डॉ. अपरा शाही, डॉ. शोभा जावरे, डॉ. पूनम शाक्या, डॉ. नितिन बजाज, डॉ. पायल जैन एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी,
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)